हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 22 मार्च 2025


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री


8 इंडस स्कूल के छात्रों ने नृत्य कौशल से मोहा सबका मन






8 कल निकाली जाएगी शहीद श्रद्धांजलि यात्रा




## खबर संक्षेप

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

सफीदों। नगर की शिव कालोनी स्थित एक मकान में एक युवक ने फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान शिव कालोनी निवासी शुभम (21) के रूप में हुई है। युवक ने फंदा क्यों लगाया इसके कारण अभी अज्ञात हैं। मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को फंदे से उतारकर आवश्यक कार्रवाई के उपरांत नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

### लोन दिलाने के नाम पर ठगी का आरोपित दबोचा

**जींद**। साइबर थाना की टीम ने लोन करवाने का झांसा देकर धोखाधड़ी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान वार्ड नंबर सात कैथल निवासी शिवम शर्मा के रूप में हुई है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी पूजा देवी ने बताया कि गांव सींसर निवासी संदीप ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सिविल अस्पताल नरवाना के पास घी दूध की डेयरी है।

### कार की चपेट में आने से एक युवक की जान गई

**कैथल**। कैथल के गांव पयोदा के निकट कार की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पयोदा के जितेंद्र ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 19 मार्च को जब उसका 25 वर्षीय ताऊ का बेटा सोनू बाइक पर सवार होकर पयोदा पर खुशी ढाबा के निकट से गुजर रहा था तो एक कार चालक ने अपनी कर को तेज गति और लापरवाही से चलते उसे टक्कर मार दी।

## 3.83 करोड़ से होगा शहर व ग्रामीण क्षेत्र का सुधार

# शहर के विकास के लिए नप व ग्रामीण के लिए पंचायती राज विभाग ने लगाए टेंडर

98 लाख रुपये से स्वर्ण जयंती पार्क के जीर्णोद्धार का लगाया टेंडर,33.65 लाख रुपये से सूर सैनी चौक के निर्माण के लिए दोबारा टेंडर लगा

### चार वर्ष बाद स्वर्ण जयंती पार्क की हालात सुधरने की आस



**जींद**। स्वर्ण जयंती पार्क, जिसका 98 लाख का टेंडर लगा है। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर परिषद व पंचायती राज विभाग द्वारा जिले के विकास के लिए तीन करोड़ 83 लाख रुपये की राशि के विकास कार्यों के लिए टेंडर लगाए हैं। इसमें पंचायती राज विभाग ने 6. 63 लाख रुपये के टेंडर लगाए हैं। इसके अलावा नगर परिषद ने दो करोड़ 17 लाख रुपये तो इसके अलावा एक बड़ा टेंडर लगभग 98 लाख रुपये का स्वर्ण जयंती पार्क के जीर्णोद्धार के लिए लगाया है। स्वर्ण जयंती पार्क की घोषणा वर्ष 2016 में हुई थी। इसके बाद इसके निर्माण के लिए लगभग दो करोड़ रुपये की राशि जारी हुई थी। इस राशि में यह पार्क पूरा नहीं हो पाया।

कोरोना काल के बाद इसके लिए अब नगर परिषद ने 98 लाख रुपये का बजट जारी किया है। हालांकि इस पार्क में अभी तक चाहर दीवारी ही बनी है। इसके अंदर भी खास निर्माण नहीं हुआ। इसके निर्माण के लिए शहर के लोगों ने कई बार गुहार लगाई थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसका नक्शा बनाया गया था जो शहर की सुंदरता के लिए बेहद अच्छा है। अब इस पार्क के दिन सुधरने की आस जगी है। इसके अलावा नगर परिषद ने 21.18 लाख रुपये से वार्ड दो में गली व पुलिया का निर्माण, 16.69 लाख से वार्ड चार में बलराज के घर से इंद्र के घर तक गली निर्माण, वार्ड पांच में जाजवान अड्डा से भीम सिंह वाली गली निर्माण पर 39 लाख रुपये, वार्ड 10 में सीसी की गली निर्माण पर 29.66 लाख रुपये, वार्ड तीन में गली व पुलिया निर्माण पर 21.17 लाख रुपये, 16 लाख रुपये से संजय टांक से रामधारी के मकान तक गली निर्माण, 33.65 लाख रुपये से सूर सैनी चौक के निर्माण के लिए दोबारा टेंडर लगा है।

सेक्टर 11 में पार्क के निर्माण पर सवा सात लाख रुपये, लोको कालोनी व जोगिंद्र नगर के वार्ड एक में 21ण्18 लाख रुपये से गली निर्माणए वार्ड एक में दासा सैनी के मकान से जितेंद्र के मकान तक 12 लाख रुपये में गली निर्माण नगर परिषद करवाएगी।

### सुधार के बाद शहर की शोभा बढ़ेगी

नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि शहर के विकास के लिए नगर परिषद कोई कोर कसर नही छोड़ रही है। शहर में गलियां व अन्य कार्यों की अपेक्षा नप ने स्वर्ण जयंती पार्क के सुधार के लिए भी टेंडर लगाया है। इस पार्क का सुधार होने के बाद शहर की शोभा बढ़ेगी और यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था हो सकेगी। लंबे समय से पार्क के सुधार के लिए लोगों को इंतजार बना था। अब पार्क समेत अन्य कार्यों पर करोड़ों रुपये की राशि खर्च होगी।

### इन कार्यों के लगाए टेंडर

पंचायती राज विभाग ने रुपगढ़ गांव में रविदासिया चौपाल के निर्माण पर 4.20 लाख रुपये, वाल्मीकि चौपाल कंडेला पर 8.40 लाख रुपये, खेड़ी तलोडा में रविदास चौपाल पर 4.20 लाख रुपये, संगतपुरा में रामदासिया चौपाल पर 8.40 लाख रुपये, अमरहेड़ी में गंदे नाले के निर्माण के लिए 8.40 लाख रुपये, रुपगढ़ में माजरा खाप के चबूतरे के लिए 4.20 लाख रुपये, मनोहरपुर व दालमवाला गांव में चौपाल के लिए अलग-अलग 8.40 लाख रुपये प्रत्येक के दिए। ईंटल में कबीर भवन के लिए 5.38 लाख रुपये, दरियावाला में हॉल के निर्माण के लिए 7.65 लाख रुपये के टेंडर लगाए हैं।

# पूंडरीः पुरानी रंजिश में भाभी पर चलाई गोली, बाल-बाल बची

- गुरु ब्रह्मानंद कॉलोनी में वारदात गोली गर्दन के पास से निकली



**पूंडरी**। मौके पर जांच करती हुई पुलिस। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

कस्बे की गुरु ब्रह्मानंद कॉलोनी में पुरानी रंजिश के चलते देवर ने भाभी पर देसी कट्टे से गोली चला दी। हालांकि संयोगवश महिला को गंभीर चोट नहीं आई और वह बाल-बाल बच गई। गोली गर्दन के पास से निकल गई, जिससे वहां चोट के निशान आए हैं। गुरु ब्रह्मानंद कालोनी में पिछले 10 वर्ष से हेयर सेलुन चला रहे विनोद कुमार निवासी खेड़ी-मटरवा ने बताया कि बीरबल पुत्र रिशिपाल उसके चाचे का लड़के है। 7-8 वर्ष पहले वह उनके पास हेयर कटिंग का कार्य सिकता था, उसकी गतिविधियों ठीक न होने की वजह से उसने उसको अपने पास से हटा दिया था। अब वह अपनी पत्नी के साथ पूंडरी में ब्यूटीपार्लर व हेयर सेलून चलाता है। बीरबल को जब से हटा दिया था, वह तभी से उसके परिवार से रंजिश रखता था। वह पहले भी कई बार उसकी सेलून पर आकर मारपीट व शीशे तोड़कर चला गया, जिसकी शिकायत उसने पुलिस को भी की थी। शुक्रवार को भी दोपहर 1.30 बजे वह सेलून पर उस समय मेरी अनुपस्थिति में दुकान पर उनकी पत्नी उर्मिला, बेटा और छोटा भाई मौजूद थे। आते ही उसने झगड़ा करना शुरू कर दिया, उसका विरोध किया तो बीरबल ने गुस्से में जेब से देसी कट्टा निकाल लिया और उर्मिला पर फायर कर दिया। गोली महिला की गर्दन के पास से निकल गई, जिससे वहां हल्की चोट आई।

### मामले की जांच जारी

थाना प्रभारी रमेश ने बताया कि आरोपी की पहले भी आपराधिक पृष्ठभूमि रही है और पुलिस जल्द गिरफ्तार करेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कैथल : डीसी ने गांव मुंदड़ी की महिला सरपंच को पद से हटाया

- फर्जी दस्तावेज का सहारा लेकर सरपंच बनी थी शशि

**कैथल**। कैथल की डीसी प्रीति द्वारा गलत तरीके से अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनवाकर सरपंच बनी मुंदडी की सरपंच शशि को उनके पद से हटाया गया है। इसके साथ ही उन्हें पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव लड़ने से 6 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया है। आदेशों में कहा है कि अब बहुमत वाले पंच को सरपंच का चार्ज दिया जाएगा। बता दें कि फर्जी प्रमाण पत्र का सहारा लेकर चुनाव लड़ने के आरोप को लेकर शशि के खिलाफ काफी समय से जांच चल रही थी। इसकी जांच का जिम्मा अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा गया था। रिपोर्ट के अनुसार पाया गया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी कैथल को हरियाणा सरकार द्वारा 22 मार्च 2022 को जारी पत्र अनुसार शशि पुत्री हरिश्चंद्र निवासी गांव मुंदडी कैथल का अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र भेजकर इसकी जांच करवाई गई थी।

### ठगी के आरोपितों से तीन लाख की नकदी बरामद

जींद। । लोन का झांसा देकर तीन लाख रुपये की ठगी करने के दो आरोपितों को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान राजपूत मोहल्ला गोंडा निवासी दीपक चौहान व सेक्टर 20 रोहिणी दिल्ली निवासी रोहित कुमार के रूप में हुई है।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी पूजा देवी ने बताया कि गत 28 जनवरी को सुंदर नगर निवासी राज बब्बर ने शिकायत देकर बताया था कि उसके पास अनजान मोबाइल नंबरों से कॉल आई। कॉल करने वालों ने बताया कि वह बजाज फाइनेंस कंपनी से बोल रहे हैं। अगर लोन की आवश्यकता है तो ऑनलाइन करवा दिया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### हिसार से 5 को सीएम करेंगे साइक्लोथॉन यात्रा को रवाना

**जींद।** एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि नशामुक्त हरियाणा का संदेश देती साइक्लोथॉन 24 अप्रैल को जींद में प्रवेश करेगी। यहां पहुंचने पर साइक्लोथॉन यात्रा का स्वागत किया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पांच अप्रैल को हिसार जिले से इस साइक्लोथॉन यात्रा को झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। पूरे प्रदेश में जाकर यह यात्रा 27 अप्रैल को जिला सिरसा में सम्पन्न होगी।

### आठवां सामूहिक विवाह कार्यक्रम 23 मार्च को

**जींद।** युवा मित्र मंडल का आठवां सामूहिक विवाह कार्यक्रम 23 मार्च को अर्जुन स्टेडियम में होगा। इसमें जरूरतमंद परिवार की लड़कियों की शादी करवाई जाएगी। हर साल युवा मित्र मंडल विवाह कार्यक्रम करवाता है। इसके लिए जिले भर में संगठन के सदस्य जरूरतमंद परिवारों का पता कर बेटियों का कन्यादान करते हैं। पत्रकारों से बातचीत में कार्यकारिणी सदस्य जसबीर सैनी ने जानकारी दी।

### राम श्याम मासिक संकीर्तन आज

**जींद।** उचाना शहर की एसबीआई बैंक के पास श्रीराम परिवार चेरीटेबल ट्रस्ट उचाना द्वारा 14वें मासिक राम .श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। रीतिक गर्ग ने बताया कि बीते साल जनवरी माह से राम श्याम संकीर्तन के आयोजन की शुरूआत की थी जो निरंतर जारी है। मंच संचालन सोनू बंसल करेंगे तो कलाकार के तौर पर अशोक लाली पहुंचेंगे।

### वेदा इंटरनेशनल स्कूल का कल उद्घाटन होगा

**नरवाना।** नरवाना के वेदा इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल पटियाला रोड का होगा भव्य उद्घाटन समारोह जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। स्कूल संचालक सुरेश मित्तल ने बताया कि नरवाना के गणमान्य नागरिकों अलावा शहर के काफी संख्या में आई ए एसएआई पी एसए एच सी एसए जजए डाक्टर को भी निमंत्रण भेजा गया है। काफी संख्या में रिटायर शिक्षकों बी इ ओ को भी निमंत्रण पत्र भेजा गया है।

### जींदः जाट धर्मशाला में रक्तदान शिविर 23 को

**जींद।** जाट धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन 23 मार्च को किया जागए। युवा विकास समिति व जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा 23 मार्च को एक स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। युवा विकास समिति के अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि शहीदी दिवस के उपलक्ष में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### रजाना कलां के खेतों से उपकरण चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव रजाना कलां के खेत से चोर सबमर्सिबल की मोटर, तार व अन्यसामान चुरा ले गए। खेत मालिक हरिनारायण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके खेत हांसी ब्रांच नहर के नजदीक हैं। उसने अपने खेत में एक छोटा कमरा बना रखा है। जब सुबह वह खेत में गया तो कमरे का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा हुआ था। देखा तो सबमर्सिबल की मोटर, 90 फट बिजली की तार और 80 फट लंबी मोटर की प्लास्टिक वाली पाइप गायब थी।

### श्रद्धालुओं ने बसोड़ा का पर्व मनाया

**जींद।** मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंच कर बसोड़ा पर्व मनाते हुए शीतला माता की पूजा अर्चना की। सुबह ही मंदिरों में महिलाएं पूजा.अर्चना के लिए पहुंची शुरू हो गई। महाराजा अग्रसेन मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने बताया कि होली के सात दिन बाद बसोड़ा पर्व मनाया जाता है।

### जींदः युवती संदिग्ध परिस्थितियों में गायब

**जींद।** जिला से युवती संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। नरवाना खंड के बाबा कुंडी इलाके में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी 19 मार्च को सुबह तीन बजे घर से 30 हजार रुपये नगद चुरा कर कहीं चली गई है।

## ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया

# इंडस स्कूल के छात्रों ने नृत्य कौशल से मोहा सबका मन

## निदेशक ने बच्चों को कड़ी मेहनत और उपलब्धियों के लिए बधाई दी

निमंत्रित प्राधिकारियों व सभी अभिभावकों को उनकी उपस्थिति व उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम का शुभारंभ करते इंडस निदेशक सुभाष श्योराण। फोटो :हरिभूमि

इंडस पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग) में कक्षा यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंडस निदेशक सुभाष श्योराण, निदेशिका रचना श्योराण, प्राचार्या अरुणा शर्मा ने दीप प्रज्जवलित करके किया। यह ग्रेजुएशन सेरेमनी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देने के उद्देश्य से की गई। ग्रेजुएशन डे पर पेरेंट्स बहुत उत्साहित रहे। कन्वोकेशन ड्रेस में विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ डिग्री प्राप्त की। उन्हीं विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर प्रांगण में उपस्थित सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। निदेशक सुभाष श्योराण ने इस अवसर पर बच्चों को उनकी कड़ी मेहनत और उपलब्धियों के लिए बधाई दी और कहा कि यह ग्रेजुएशन केवल एक कक्षा पास करने का संकेत नही है बल्कि यह हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ता हुआ एक महत्वपूर्ण कदम है। हम चाहते हैं कि यह नन्हे सितारे इसी तरह शिक्षा के नए आयाम छूते रहें। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अरुणा शर्मा ने कहा कि बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए स्कूल के साथ-साथ अभिभावकों को भी आदर्श बन कर बच्चों का मार्गदर्शन करना चाहिए। जिससे वे संस्कारी बन सके। अंत




जींद। हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

में मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी व निमंत्रित प्राधिकारियों व सभी अभिभावकों को उनकी उपस्थिति व उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

# कल निकाली जाएगी शहीद श्रद्धांजलि यात्रा

- आजकल के युवाओं में देशभक्ति की भावना कम होती जा रही : चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अतुल चौहान। फोटो :हरिभूमि

जयति-जयति हिंदू महान संगठन के संयोजक अतुल चौहान ने कहा कि आजकल के युवाओं में देशभक्ति की भावना कम होती जा रही है। युवाओं में फिर से देशभक्ति का जज्बा पैदा करने के लिए संगठन द्वारा 23 मार्च रविवार को शहीद श्रद्धांजलि बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है ताकि देश के युवा अपने देशभक्ति के जज्बे से देशविरोधी ताकतों को जवाब दे सकें। जयति-जयति हिंदू महान संगठन के संयोजक अतुल चौहान शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अतुल चौहान ने बताया कि श्रद्धांजलि बाइक रैली 23 मार्च को सुबह साढ़े नौ बजे रेलवे स्टेशन से शुरू होगी और पटियाला चौंक, झांझ गेट, बैंक रोड, शहर थाना, रानी तालाब से होते हुए गोहाना रोड स्थित शहीदी स्मारक पर शहीदों को नमन करने के साथ ही संपन्न होगी। कहा कि बाइक रैली को लेकर जींद में घूमघूम कर युवाओं, समाजसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों को न्यौता दिया गया है और उन्हें उम्मीद है कि इस बाइक रैली में लगभग 1500 से ज्यादा बाइकें, कारें तथा अन्य साधन लेकर युवा भाग लेंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि बाइक रैली में बढ़चढ़ कर भाग लें और देश के प्रति अपने जज्बे को हमेशा अपने दिल में बनाए रखें। अतुल चौहान ने कहा कि शहीद किसी एक कौम के नही होते हैं। हमारे शहीदों ने जीवन का बलिदान देकर हमें आजादी में रहने का हक दिया है। ऐसे में हम सबका कर्तव्य बनता है कि हम शहीदों को उनकी शहादत के लिए हमेशा याद रखें। इसी उद्देश्य से शहीद श्रद्धांजलि रैली का आयोजन किया जा रहा है।

### यात्रा में भाग लेने का आह्वान

चौहान ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर शहीदों की शहादत को लेकर रक्तदान शिविर व अन्य सामाजिक कार्य किए जाते हैं ताकि हमारी आज की युवा पीढ़ी शहीदों के दिखाए मार्ग पर चल कर देश को आगे ले जाने का काम करे। एडवोकेट विजय शर्मा ने बताया कि महापुरुषों के बलिदान का समाज सदा ऋणी रहेगा। सदियों तक इनकी वीर गाथाओं को पढ़ कर समाज इनसे प्रेरणा लेता रहेगा। इस मौके पर अतुल चौहान ने जींद नगरवासियों से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा कि संख्या में इस बाइक यात्रा में शामिल होकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित करें। इस मौके पर आनंद, वैभव, अमित आदि संगठन के लोग मौजूद रहे।



जींद। कार्यक्रम में शपथ लेते महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर महिलाओं को दिलाई शपथ

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत जाजवान गांव में नीलम आंगनबाड़ी में स्वास्थ्य कर्मियों ने एक सभा का आयोजन किया। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामवासियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई। पीएनडीटी एक्ट, अनीमियाएटीकाकरण का महत्व, परिवार नियोजन के तरीकों व सरकार द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी से अवगत करवाया।

### राजकीय आईटीआई में प्लेसमेंट कैंप 26 को

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल गोयल ने जानकारी देते बताया कि 26 मार्च को सुबह 10 बजे प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में जिला रेवाड़ी की प्रतिष्ठित कंपनी यूएनओ मिंडा लिमिटेड भाग ले रही है। इस प्लेसमेंट कैंप का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करना है ताकि वे अपने तकनीकी कौशल का उपयोग कर एक उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकें। कंपनी द्वारा विभिन्न व्यवसायों जैसे फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, एमएमवी, डीजल मैकेनिक, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, वायरमैन, आरएसी आदि ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।




जींद। छात्राओं से बातचीत करते प्रधानाचार्य अनिल गोयल। फोटो :हरिभूमि




जींद। शिकायतें सुनते हुए एसडीएम । फोटो :हरिभूमि

### समस्याओं का त्वरित समाधान करें

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन मे एसडीएम सत्यवान मान और सीईओ जिला परिषद अनिल दून ने शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं का गंभीरता से अतिशीघ्र समाधान करें। एसडीएम के समक्ष नागरिकों ने बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र में आय को दुरूस्त करने, अवैध कब्जा हटवाने, आवास, दिव्यांग पैशन दिलवाने आदि समस्याएं रखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों को मूलभूत जरूरतों के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

### विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

**जींद।** छोटूराम किसान कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली के आयोजन का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्ति के लिए संदेश देना रहा। इस रैली को कॉलेज के प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय द्वारा समय.समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस प्रकार की रैली निकालने से विद्यार्थी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित होते हैं व अन्य लोगों को भी इसके प्रेरित करते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में बने खेल ग्राउंड की साफ-सफाई का कार्य भी किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक डा. सत कुमार, डा. राजपाल ढांडा उपस्थित रहे।




जींद। जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि




नरवाना। प्रतियोगिता में अव्वल रहे बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### चिराग स्कूल के विद्यार्थी द्वितीय

**नरवाना।** चिराग पब्लिक स्कूल नरवाना के छात्रों ने राष्ट्रीय शिक्षा समिति द्वारा आयोजित विज्ञान परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। चिराग स्कूल नरवाना के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक क्षमता का परिचय दिया है। हाल ही में राष्ट्रीय शिक्षा समिति द्वारा आयोजित विज्ञान परीक्षा में विद्यालय के विद्यार्थी छविए तनीषा व आदित्य ने मेरिट सूची में अपना स्थान सुरक्षित कर विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश वत्स ने छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत शिक्षकों के समर्पण व अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय शिक्षा समितिए टोहाना द्वारा मेरिट सूची में स्थान पाने वाले छात्रों को विशेष स्मृति चिन्ह सौंपा।




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया

**जींद।** डीएफओ पवन ग्रोवर के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर वनों के महत्व को समझाना है। जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन, भोजन, ईंधन सहित तमाम प्राकृतिक संसाधन वनों से ही प्राप्त होते हैं। इसलिए वनों का संरक्षण नितांत आवश्यक है। हालांकि विकास की तेज रफ्तार के चलते वनों की अंधाधुंध कटाई जारी है और उनका स्थान ऊंची-ऊंची इमारतों और सड़कों ने ले लिया है। मानवता और पृथ्वी के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए वनों के महत्व को समझना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से हर साल 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। इसे विश्व वन दिवस के नाम से भी जाना जाता है।

# दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन

- समग्र विकास के लिए सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण : डा. उपासना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। वर्कशॉप को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि

हिंदू कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग एवं इंटर्नशिप सेल के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. पूनम मोर ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वर्कशॉप का विषय इंटर्नशिप शिक्षा और कार्य स्थल के बीच की खाई को पटना रहा। इस दो दिवसीय कार्यशाला की मुख्य प्रवक्ता एवं आयोजक के रूप में डा. उपासना ने मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि छात्रों के समग्र विकास के लिए सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है।

यह इंटर्नशिप कार्यक्रम उनके ज्ञान को और समृद्ध करेगा तथा उन्हें भविष्य में बेहतर रोजगार अवसर प्रदान करने में सहायता करेगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप बीए, बीएससी और बीकॉम की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा एमए और एमकॉम की द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। प्रत्येक छात्रा के लिए 4 से 6 सप्ताह का इंटर्नशिप कार्यक्रम अटेंड करना अनिवार्य है। इस कार्यक्रम में व्यवसायिक तकनीक के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।



अलेवा। नगूरां गांव में होदी की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### मलेरिया के प्रति किया जागरूक

**अलेवा।** जिला मलेरिया अधिकारी (उप सिविल सर्जन) डा. बिजेंद्र ढांडा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फील्ड में उतर लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक किया। टीम का नेतृत्व स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा व पुष्पावती ने किया। इस दौरान टीम ने नगूरां, चांदपुर, दालमवाला, दिल्लूवाला आदि गांव में जाकर एंटी लारवा एक्टिविटी अभियान चलाया। अभियान के दौरान लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि मलेरिया एक संक्रामक रोग है। जो मादा एनोफीलिज मच्छरों के काटने से फैलता है। मलेरिया के लक्षणों के बारें में बताते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि कंपकंपी के साथ तेज बुखार आना, पसीना आना, उल्टी होना, थकान, मांसपेशियों में दर्द के अलावा खांसी आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं।

## कार्यक्रम ...विश्व जल दिवस पर विशेष

कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा

# जींद के हर घर तक साफ और स्वच्छ पीने का पानी पहुंचाने का रखा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मजबूत इरादे व दृढ़ इच्छा संकल्प शक्ति के बल पर जीवन में हर मंजिल को प्राप्त करके समाज में अलग पहचान बनाई जा सकती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है पिछले 12 सालों से दिन-रात जल संरक्षण अभियान में जुड़े जिला जींद के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत जिला सलाहकार रणधीर मताना ने। साल 1980 में फतेहाबाद जिला के छोटे से गांव मताना में साधारण किसान परिवार के घर जन्म लेने वाले ओर महज 10 साल की आयु में ही जल संरक्षण सहित अन्य सामाजिक कार्यों को अपने जीवन का ध्येय बनाने वाले रणधीर मताना बचपन से ही जल संरक्षण के कार्य में जुटे हुए हैं। पहली बार पानी बचाने का संकल्प उन्होंने तब लिया था जब वह बचपन में गांव के खेल ग्राउंड में अपने साथियों के साथ खेल रहे थे। इसी दौरान प्यास लगने पर आसपास में पानी नहीं मिला ओर उन्हें व उनके साथियों को पेयजल के लिए व्याकुल होना पड़ा। भले ही साल 1990 के आसपास पूरे गांव में पेयजल की सप्लाई नहीं हो पाती थी लेकिन गांव के चारों तरफ फिरनी पर पेयजल की आपूर्ति दूसरे गांव के जलघर से होती थी। परन्तु खुले नल चलने के कारण महज कुछ ही घरों तक पानी पहुंच पाता था। खिलाडिय़ों को पेयजल के लिए पानी उपलब्ध न होने पर उन्होंने ठान लिया कि गांव में पानी बचाने का अभियान चलाया जाएगा और इसके लिए उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर जिन घरों में खुला पानी चल रहा था।

### जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं



जल संरक्षण अभियान के तहत मताना ने जिला पलवल, फरीदाबाद व जींद जिले में कार्य किया है। जल संरक्षण के महत्वपूर्ण कार्य के लिए उन्हें पलवल व जींद में कई बार जिला प्रशासन व सामाजिक संस्थान द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जल संरक्षण अभियान को आगे बढ़ाने के लिए वह लगातार गांव में घर-घर जाकर लोगों से मिलते हैं और जल के महत्व को बताते हैं। उनका मानना है कि जल ही जीवन है और जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। अगर समय रहते लोग जल के प्रति सचेत नहीं हुई तो आने वाले समय में पेयजल के लिए काफी दिक्कत हों जाएगी। जल को बचाने के लिए गांव में लगातार ग्राम सभाए जल चौपाल, नुक्कड़ सभा, ग्रुप मीटिंग व स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित करके लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि जींद जिला के हर घर तक स्वच्छ व पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाने का ध्येय पूरा हों सके।



जींद। विचार व्यक्त करती हुई छात्रा। फोटो :हरिभूमि

### 75 विद्यार्थियों ने सहभागिता दर्ज की

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों और संस्थानों के 150 विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया जाएगा। पहले दिन 75 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। जबकि शेष 75 प्रतिभागी कल भाग लेंगे। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी रही जबकि अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। प्रतियोगिता का संचालन और समन्वय हरप्रीत जिला युवा अधिकारीए नेहरू युवा केंद्र जींद ने किया। आयोजन समिति में अनिल गोयल प्राचार्य राजकीय आईटीआई जींद, जेएन गहलावत प्राचार्य पीआईजी राजकीय महिला महाविद्यालय जींद, डा. पूनम मोर प्राचार्य हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद, जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी रही। निर्णायक मंडल में सुभाष, ओमप्रकाश चौहान लेखक व शिक्षाविद, विजेंद्र युवा नेता व उद्यमीय रजनीश उपसिथत रहे।

## खबर संक्षेप



### सीआरओ मदीप पदोन्नत होकर बने हेड कांस्टेबल

**कैथल।** कार्यालय पुलिस अधीक्षक कैथल में बतौर सी.आर.ओ. कार्यरत मंदीप कुमार को मुख्य सिपाही से एएसआई के पद पर प्रमोट होने पर एसपी राजेश कालिया ने स्टार लगा कर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक राजेश कालिया ने कहा कि प्रमोशन प्राप्त करने पर पुलिस कर्मचारियों के कंधों पर जिम्मेदारी बढ़ जाती है। क्योंकि प्रमोशन के साथ नई जिम्मेदारी मिलती है। इसलिए इस जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा से निभाना। प्रमोशन पाने वाले एएसआई मंदीप कुमार ने कहा कि विभाग की ओर से जो भी काम दिया जाएगा उसे पूरी निष्ठा से किया जाएगा।

### 213 गर्भवती महिलाओं का किया टीकाकरण

**कैथल।** सिविल सर्जन डा. रेणु चावला ने बताया कि गर्भवती व बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष टीकाकरण सप्ताह चलाया जा रहा है। इस अभियान गर्भवती महिलाओं, पांच वर्ष तक के बच्चों तथा 10 से 18 वर्ष तक के किशोरों का टीकाकरण किया जा रहा है। बीस मार्च तक 142 सत्रों में 1285 बच्चों तथा 213 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया है। यह अभियान 25 मार्च तक चलेगा।

### बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** बाइक चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल



स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जयभगवान की टीम द्वारा आरोपी गांव बालु निवासी अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रोहेडियां निवासी सतपाल सिंह की शिकायत अनुसार 3 जून 2021 को पुरानी अनाज मंडी में खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज कर लिया गया।

### 75 सोलर पावर प्लांट रेट कॉन्ट्रैक्ट किया

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट (बिना बैटरी) का रेट कॉन्ट्रैक्ट किया गया है। विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत



अनुसूचित एवं पिछड़े वर्ग की धर्मशालाएं जोकि रजिस्टर्ड हैं, सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए पात्र हैं। इन धर्मशालाओं में पांच किलोवाट तक अथवा मंजूर लोड (जो भी कम हो) की क्षमता का सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा 75 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है तथा 25 प्रतिशत लाभार्थी हिस्सा स्वयं धर्मशालाओं द्वारा वहन किया।

---

### 2000 में से 1520 अंक अर्जित कर 76 प्रतिशत का कुल स्कोर प्राप्त किया

# आरकेएसडी कॉलेज कैथल की छात्रा ज्योति ने एमए हिंदी में हासिल किया गोल्ड मेडल

**कॉलेज में समारोह के दौरान मेधावी छात्रा को किया सम्मानित**

- यह उपलब्धि सभी छात्रों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत : मेहला



**कैथल।** गोल्ड मैडलिस्ट छात्रा ज्योति को सम्मानित करते प्राचार्य सत्यवीर मैहला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज कैथल की छात्रा ज्योति ने एमए हिंदी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। यह आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है कि ज्योति ने एम.ए. हिंदी में अध्ययन किया, ने चतुर्थ सेमेस्टर में गोल्ड मेडल प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है।

कॉलेज कार्यालय को उनका गोल्ड मेडल आधिकारिक रूप से प्राप्त हुआ, जिसे प्रधानाचार्य कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में ज्योति को सम्मानपूर्वक प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रतिष्ठित संकाय सदस्य और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में उनकी इस अद्वितीय उपलब्धि का उत्सव मनाया गया। चार सेमेस्टर की परास्नातक (मास्टर डिग्री) परीक्षा में ज्योति ने 2000 में से 1520 अंक अर्जित कर 76% का शानदार कुल स्कोर प्राप्त किया। उनकी निरंतर मेहनत, लगन और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन ने एक नई मिसाल कायम की है, जो आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा।

इस शुभ अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. सत्यबीर मेहला, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. आर.पी. मौन, डॉ. वर्षा, डॉ. शरद गौड़, और डॉ. दीपशिखा ने ज्योति को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की और यह संदेश दिया कि शिक्षा और विद्वता व्यक्ति के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कॉलेज प्रशासन ने ज्योति की इस उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना करते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। महाविद्यालय हमेशा से ही मेधावी छात्रों को प्रेरित करने और उच्च शिक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहा है।

यह उपलब्धि न केवल ज्योति के लिए, बल्कि सभी छात्रों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है, जो उन्हें अपनी शैक्षणिक यात्रा में समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी




**कैथल।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

### बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**राजौंद।** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल राजौंद में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या द्वारा सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। दीप प्रज्ज्वलित के बाद आर्यभट्ट अकैडमी द्वारा अबेकस तथा वैदिक मैथ में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।उसके बाद प्री- प्राइमरी के बच्चों द्वारा आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी गई और उन्हें मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा कक्षा पहली से आठवीं तक के प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। स्कूल निदेशक वीरकरण राणा ने विद्यार्थियों को अच्छे परीक्षा परिणाम लाने पर बधाई देते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्राचार्या जसविंदर मलिक ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए उन्हें व अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्य अतिथि स्कूल निदेशक वीरकरण राणा,आर्यभट्ट अकादमी की अध्यक्षा एडवोकेट मंजू राणा,अभिभाव व स्कूल स्टाफ सदस्य शीशपाल , साहिल, अजय,काजल, वर्षा, सोनिया सहित मौजूद रहे।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ कॉलेज स्टाफ सदस्य।

## कनिका,नीतू व दीपक की टीम ने प्रथम स्थान पाया

- राजौंद में हरियाणवी साहित्य पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजकीय महाविद्यालय राजौंद की साहित्यिक समिति द्वारा शुक्रवार को हरियाणवी साहित्य पर ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य दीपक कुमार ने की। प्रतियोगिता का संचालन समिति प्रभारी राममेहर सिंह के मार्गदर्शन में हुआ।

प्रतियोगिता में छह टीमों ने भाग लिया। कड़े मुकाबले के बाद टीम एफ बी.ए. प्रथम वर्ष की कनिका,नीतू व दीपक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम सी बी.ए. द्वितीय वर्ष की लवनीत, अंजू व निशा ने दूसरा स्थान प्राप्त तथा टीम बी बी.ए. तृतीय वर्ष की मंजू, रितु व ज्योति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन अंजलि व सलोनी ने किया। इस आयोजन में इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर विक्रम एवं राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर सुदेश ने विशेष योगदान दिया। इसके अलावा गैर-शिक्षण स्टाफ के तरुण, प्रवीण व हरिपाल ने भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। कार्यवाहक प्राचार्य दीपक कुमार ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए छात्र-छात्राओं को हरियाणवी साहित्य के महत्व को समझने और अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने की प्रेरणा दी। समिति प्रभारी राम मेहर सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों में साहित्यिक रुचि विकसित करने और उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ाने में सहायक होती हैं।

---

*स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो*

## जांबा ने विस में पूंडरी की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी हलके के विधायक सतपाल जांबा ने अपने क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर विधानसभा में महत्वपूर्ण मांगें रखीं। उन्होंने सरकार से गांव फरल, पूंडरी और कौल में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की मांग की।

इससे आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। विधायक ने मांग की कि गांव फरल पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) में एक्स-रे, डेंटल (दंत चिकित्सा) और ईसीजी जैसी आधुनिक मशीनों



विधानसभा में हल्के की मांगों को रखते हुए विधायक सतपाल जांबा।

की सुविधा दी जाए। पूंडरी सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) और एक फिजीशियन (सामान्य चिकित्सक) की नियुक्ति की जाए। पूंडरी और कौल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 30 से बढ़ाकर 50 बिस्तरों तक अपग्रेड किया जाए।

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि पूंडरी हल्के में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा संबंधी दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

## छात्राओं ने विवि का शैक्षणिक भ्रमण किया

- एनआईआईएलएम विवि में युगों युगों से हरियाणा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत की छात्राओं ने एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल का शैक्षणिक भ्रमण किया ।

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय ने हरियाणा साहित्य अकादमी एवं संस्कृति अकादमी हरियाणा सरकार पंचकूला द्वारा आयोजित युगों युगों से हरियाणा प्रदर्शनी का आयोजन 18 मार्च से 20 मार्च तक किया गया।



**कैथल।** एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय पहुंची श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत की छात्राएं फोटो : हरिभूमि

इस प्रदर्शनी में इतिहास विषय की बी ए तृतीय वर्ष की 40 छात्राओं को ले जाया गया । इस प्रदर्शनी में हड़प्पा सभ्यता से सम्बन्धित हरियाणा में खुदाई में मिले प्रमुख स्थानों की जानकारी दी गई ।

**राजवंशों के बारे में विस्तार से दर्शाया**

इसमें कालक्रम से राजवंशों के बारे में विस्तार से दर्शाया गया था । इस प्रदर्शनी में हरियाणा के स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका , नदियों ,यातायात के साधनों , कृषि, बावड़ियों ,सराय ,मकबरों तथा हरियाणा के प्रमुख पर्यटन स्थलों का चित्रण किया गया था । इस भ्रमण में छात्राओं के साथ इतिहास विभाग की प्राध्यापिका शीला देवी, रीनू रानी तथा नवीन कुमार मौजूद रहे ।



**ढांड।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त संयुक्त यूनियन के प्रदेश प्रभारी राजीव आर्य बातचीत करते हुए ।

## भाजपा व आप ने किसानों के साथ किया विश्वासघात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन हरियाणा प्रदेश प्रभारी राजीव आर्य ढांड ने केंद्र की भाजपा सरकार व पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार ने किसानों के साथ वार्ता के नाम पर विश्वासघात किया है, जिससे देश का किसान कभी माफ नहीं करेगा।

एमएसपी सहित अन्य मांगों को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री व किसान नेताओं के बीच वार्ता के नाम पर सरकार ने छलावा किया है। सरकार की इस किसान विरोधी नीति व सोच की जितनी निंदा की जाए कम है।

कस्बे में पत्रकारों से बातचीत करते हुए किसान नेता राजीव आर्य ढांड ने कहा कि केंद्र सरकार से 7वीं दौर की वार्ता कर लौट रहे किसान नेता सरवण सिंह पंधेर, जगजीत सिंह डल्लेवाल सहित लगभग 200 किसानों को पुलिस ने हिरासत में लेने के साथ बुलडोजर से शंभू व खनौरी बॉर्डर पर शैड तोड़कर किसानों की पीठ में छुरा घोंपने का काम किया है। सरकार की इस किसान विरोधी नीति के प्रति किसानों में भारी रोष है।

## नायब बजट में हरियाणा के उज्जवल भविष्य की झलक : अमरपाल राणा

- लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को जल्द मिलेंगे प्रतिमाह 2100 रुपये : जिला प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आज बजट को लेकर भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता को जिला प्रभारी अमरपाल राणा एवं भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने संबोधित किया।

चेयरमैन हरियाणा अमरपाल राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर वित्त मंत्री विधानसभा में जो नायब बजट पेश किया है, उसमें हरियाणा के उज्जवल भविष्य की झलक साफ तौर पर देखी जा रही है। बजट में ऐसे बड़े-बड़े प्रावधान किये गये हैं, जिससे न केवल प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलना आसान होंगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार, बेघरों के लिए आवास,स्थानीय निकायों को विशेष अधिकार और खासकर सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट



**कैथल।** भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी तथा जिला प्रभारी अमरपाल राणा पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

लाडो लक्ष्मी योजना को भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट में अमलीजामा पहनाने का काम किया है। इसके लिए सरकार ने खेल स्टेडियमों के लिए हजारों करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में रखा है, जो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा युवाओं के हित में बड़ा उठाया गया बड़ा कदम है।

मुख्यमंत्री ने देश का भविष्य छात्रों को लेकर बजट में अनेक कल्याणकारी निर्णय लिए हैं। जिनमें मेडिकल सीटों का बढाना, छात्रों के लिए हरियाणा ओलंपियाड आयोजित करना, विजयी छात्रों को एक लाख रुपये तक की धनराशि देना, मेधावी छात्रों को इसरो, डीआरडीओ, भामा जैसे वैज्ञानिक केंद्रों का भ्रमण करवाना, ई-लाइब्रेरी, कल्पना चावला छात्रवृत्ति, सरकारी स्कूलों में फ्रेंच भाषा का ज्ञान इत्यादि ऐसे निर्णय हैं। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुज्जर, जिला मीडिया प्रभारी राज रमन दीक्षित, प्रदीप भट्ट, विजय भारद्वाज आदि मौजूद थे।

## साइक्लोथॉन एडिशन-2 यात्रा निकाली जाएगी

- पांच अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हिसार से हरी झंडी दिखाकर करेंगे यात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत साइक्लोथॉन एडिशन-2 का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पांच अप्रैल को हिसार से हरी झंडी दिखाकर करेंगे। यह यात्रा प्रदेश के सभी 22 जिलों में जाएगी। मुख्य रूप से उन गांव व कस्बों को कवर करेगी, जहां नशे का ज्यादा प्रभाव है।

यात्रा का समापन सिरसा जिले में 27 अप्रैल को होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि पूरी यात्रा के दौरान करीब 50 लाख लोग इस यात्रा का हिस्सा बनेगें। कैथल में यह साइकिल यात्रा 22 अप्रैल को प्रवेश करेगी। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी साइक्लोथॉन को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दें। यह जानकारी नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने वीडियो कांफ्रेंस हॉल में मुख्यालय से आयोजित वीडियो कांफ्रेंस के उपरांत अधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रूट प्लान के अनुसार साइकिल यात्रा 22 अप्रैल को जिले में ढांड, फरल, पूंडरी व मूंदड़ी से होते हुए 23 अप्रैल को कलायत से जींद जिले की ओर रवाना होगी।

साइक्लोथॉन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश को नशा मुक्त बनाना है। संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि इस कार्यक्रम में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी हो। विशेष रूप युवाओं को इसका हिस्सा बनाएं। इसके साथ ही केमिस्ट एसोसिएशन, नशा मुक्ति केंद्र, एंटी नारकोटिक्स टीम, ड्रग फ्री गांव के सरपंचों को जरूर शामिल किया जाएगा। पुलिस विभाग ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर प्लान तैयार करें। इस रैली में भाग लेने के लिए जिला के युवा उदय डॉट हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर अपना पंजीकरण जरूर करें।

---

**कार्यक्रम** | उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित

*नेशनल ह्यूमन राइट एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो ने महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया*

# सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष से धरती पर सुरक्षित वापसी पर महिला पुलिसकर्मियों ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारत की बेटी और अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम की अंतरिक्ष से सुरक्षित धरती पर वापसी की खबर से पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी खुशी के अवसर पर कैथल महिला थाना में महिला पुलिसकर्मियों ने सुनीता विलियम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष जताया और उन्हें महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया।

महिला थाना प्रभारी वीना ने कहा कि सुनीता विलियम ने भारत की महिलाओं को यह संदेश दिया है कि अगर हौसले बुलंद हों और लक्ष्य स्पष्ट हो, तो किसी भी ऊंचाई तक पहुंचा जा सकता है। सुनीता विलियम की सफलता पर खुशी जताई और प्रेरणा स्त्रोत बताया।

महिला थाना की पुलिसकर्मियों ने सुनीता विलियम की अंतरिक्ष से सुरक्षित वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता भारत की हर बेटी को आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा देगी। उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम ने यह साबित कर दिया है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं और अपने देश का नाम रोशन कर सकती हैं।



**कैथल।** नेशनल ह्यूमन राइट एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के पदाधिकारी महिला पुलिस कर्मी व बेटियों को सम्मानित करते हुए।

### प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया

इस अवसर पर नेशनल ह्यूमन राइट एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो द्वारा महिला दिवस पखवाड़ा के तहत महिला थाना कैथल में 40 से अधिक महिलाओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के कार्यकारी जिला प्रधान अशोक कुमार गर्ग ने की। उन्होंने कहा कि /"समाज में महिलाओं का योगदान अतुलनीय है और उन्हें सम्मानित करना हमारे लिए गर्व की बात है।

### पुलिस और अन्य विभागों की महिलाओं को मिला सम्मान

सम्मान समारोह में पुलिस विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विभागों की महिला कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिला थाना प्रभारी वीना को उनके साहसिक और उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने महिला सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में जो उल्लेखनीय कार्य किए हैं, वह समाज के लिए एक प्रेरणा हैं।

## चार मामलों में एक लाख 99 हजार 996 रुपये का लगाया जुर्माना

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा द्वारा खाद्य पदार्थों के सैंपलों, लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन से संबंधित 15 केसों की सुनवाई की गई। इसमें मौके पर निर्णय दिया गया और विभिन्न दुकानदारों / कंपनियों के केसों की सुनवाई के दौरान अवमानक पनीर व फैट क्रीम के चार सैंपल से जुड़े मामलों में कुल एक लाख 99 हजार 996 रुपये का जुमार्ना दंड स्वरूप लगाया गया। इसके अतिरिक्त बिना रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस के खाद्य पदार्थ बेचने वाले तीन दुकानदारों रजिस्ट्रेशन करवा लेने की सूरत में भविष्य में रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस का समयानुसार नवीनीकरण करवाने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस नहीं बनवाया है, वे जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस बनवाने लें।

## विश्व जल दिवस पर होंगे कार्यक्रम : दीपक

**कैथल।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम जुलानी खेड़ा, कैथल में विश्व जल दिवस 2025 के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समुदाय को जल बचत के लिए प्रेरित करना था। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम सरपंच नरेंद्र सिंह ने की, जबकि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जूनियर इंजीनियर मनोज कुमार, ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर चंदर शेखर और ग्राम सचिव हार्दिक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 31 मार्च तक करें खेल नर्सरियों के लिए आवेदन

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राजरानी ने बताया कि सत्र 2025-26 में सरकारी निजी शिक्षण संस्थानों तथा निजी खेल संस्थानों एवं पंचायतों द्वारा खेल नर्सरियों के आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 15 मार्च से बढ़ाकर 31 मार्च तक कर दी गई है।

### बाइक की टक्कर से यात्री घायल, मुकदमा दर्ज

**जींद।** सफीदों में एक बाइक की टक्कर से एक राहगीर घायल हो गया। शहर थाना पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चला व्यक्ति को घायल करने का मामला दर्ज किया है। बहादुरगढ़ के सत्यवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जसबीर देशवाल की दुकानों में चाय की दुकान चलाता है। 12 मार्च को वह अपनी दुकान पर था और सड़क पार कर रहा था कि अचानक नागक्षेत्र तालाब की ओर से एक बाइक सवार तेज गति से लापरवाही से बाइक चलाता आया और सीधी टक्कर मारी। टक्कर लगते ही वह नीचे गिर गया और बेहोश हो गया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की मजबूती जरूरी

**जींद।** जल जीवन मिशन के तहत सिंगल विलेज स्कीम को कामयाब बनाने के लिए ग्राम जल एवं सीवरेज समिति का मजबूत होना आवश्यक है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग उचाना की उपमंडल अभियंता सुनीता देवी उचाना ब्लॉक के दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को संबोधित कर रही थी। कनिष्ठ अभियंता नरेश जागलान विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने की। सुनीता देवी ने कहा कि गांव में जो ग्राम जल एवं सीवरेज समिति बनाई गई है उसे अच्छी तरह से प्रशिक्षण देना चाहिए ताकि इनके सदस्यों में अधिक से अधिक अपने अधिकार और कर्तव्य के बारे में जागरुकता आ सके। रणधीर मताना ने कहा कि हर घर तक जल पहुंचाने के लिए कमेटी का अहम योगदान है। विभाग द्वारा समय समय पर इस कमेटी के सदस्यों के साथ साथ

### कार्यालय में मारपीट का आरोपी पटवारी गिरफ्तार

**जींद।** जाति प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर रिपोर्ट करवाए गए व्यक्ति के साथ कार्यालय में मारपीट कर बंधक बनाने के आरोपित पटवारी संदीप को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया जहां से उसे जमानत मिल गई है। सिंघाना गांव निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ईसाई धर्म से संबंध रखता है और 20 साल से इस धर्म से जुड़ा हुआ है। एक मार्च को वह जाति के प्रमाण पत्र को लेकर रिपोर्ट करवाने के लिए पटवारी संदीप के पास गया था लेकिन उसने जाति प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट करने से मना कर दिया। जब उसने रिपोर्ट न करने का कारण पूछा तो उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। उसके बाद उसको कमरे में बंधक बना कर उसका मोबाइल फोन छीन लिया। उस समय आरोपी के साथ दो अन्य व्यक्ति भी थे। जब उसने शोर मचाया तो लोगों को आता देख आरोपितों ने दरवाजा खोल दिया।

### चिराग योजना: 5वीं से 12वीं तक गरीब बच्चों को मिलेगा दाखिला

# दाखिला: जिले के 67 निजी स्कूलों में 2365 सीटें रिक्त

**नरवाना ब्लॉक के 12 स्कूलों में सबसे अधिक 536 और अलेवा ब्लॉक के दो स्कूलों में सबसे कम 53 सीटें दिखाई गई हैं रिक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चिराग योजना के तहत निजी स्कूलों में दाखिले के लिए जिले के 67 स्कूलों ने 2365 सीटें सार्वजनिक की है। जबकि जिलेभर में 380 से ज्यादा निजी स्कूल हैं। चिराग योजना के तहत जिले के जिन 67 निजी स्कूलों ने दाखिले के लिए सहमति जताई हैं। उसमें से पांचवीं से 12वी कक्षा के लिए अलेवा ब्लॉक में दो स्कूलों ने 53 सीट, जींद ब्लॉक के 17 स्कूलों ने 387 सीट, जुलाना ब्लॉक के नौ स्कूलों ने 312, नरवाना ब्लॉक के 12 स्कूलों ने 536, पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के चार स्कूलों ने 334, सफीदो ब्लॉक के 11 स्कूलों ने 343 और उचाना ब्लॉक के 12 स्कूलों ने 453 सीट दर्शाई हैं।


डा. सुभाष वर्मा।

मौलिक शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि चिराग योजना के तहत पांचवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी निजी स्कूलों में दाखिला ले सकेंगे। इस स्कीम के तहत केवल वहीं छात्र पात्र होंगेए जिन्होंने गत शैक्षणिक वर्ष में अपनी शिक्षा सरकारी विद्यालयों से उत्तीर्ण की होगी। छात्र दाखिले हेतु केवल उसके वर्तमान खंड, जिसमें वे पढ़ रहे हैंए उसी खंड के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में उपलब्ध सीटों पर दाखिले के लिए पात्र होंगे और वे खंड में एक से अधिक विद्यालयों में भी दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। सभी सहमत मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में घोषित सीटों का विवरण विभागीय वेबसाइट पर दर्शाया जाएगा। सभी सहमत मानता प्राप्त निजी विद्यालय कक्षानुसार घोषित सीटों की जानकारी अपने विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करेंगे। अभिभावक या छात्र सहमत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में आवेदन और दाखिला लें सकते हैं। इस दाखिला अवधि में डीईओ, डीईईओ संबंधित स्कूलों में विभागीय मनोनित सदस्य नियुक्त करेंगे। इसके लिए यह विद्यालय के नजदीक के बीईओ सरकारी विद्यालय के किसी प्राचार्य, पीजीटी अध्यापक में से किसी एक को नियुक्त कर सकते हैं। प्राइवेट मान्यता प्राप्त विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जिन छात्रों को अभिभावकों की आय लाख 80 हजार रुपये और इससे कम होगी, उन्हीं छात्रों को दाखिले के लिए पात्र माना जाएगा और वह आय परिवार पहचान पत्र की वार्षिक सत्यापित आय से मान्य होगी। जिन मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय को अभिभावक या छात्र द्वारा आवेदन पत्र दिया जाएगाए वह विद्यालय अभिभावक या छात्र को रसीद अवश्य देगा। सफ ल छात्र का पिछले सरकारी विद्यालय से स्कूल लीविंग सर्टिफि केट आवेदन तिथि के पश्चात लिया जाना अनिवार्य होगा।

### दाखिले के लिए फैमिली आईडी होनी आवश्यक

दाखिले के लिए बच्चे की फैमिली आईडी (परिवार पहचान पत्र) का होना अनिवार्य है। जिसमें परिवार को वार्षिक आय वर्ष 2024-25 में एक लाख 80 हजार या उससे कम होनी चाहिए। विद्यालयों द्वारा दाखिल होने वाले छात्रों का डेटा एमआईएसप पोर्टल पर अपडेट किया जाना अनिवार्य होगा तथा दाखिल होने वाले छात्रओं की सूचना विभाग को दाखिले की अंतिम तिथि के 15 दिनों के अंदर अंदर भेजनी होगी।

### निजी स्कूलों ने दर्शाई खाली सीट : डा. सुभाष वर्मा

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने कहा कि चिराग योजना के तहत निजी स्कूलों ने पांचवीं से 12वीं कक्षा में खाली सीट दर्शाई हैं। निजी स्कूल नोटिस बोर्ड पर खाली सीटों की सूची चस्पाएंगे। जो विद्यार्थी निजी स्कूलों में दाखिला लेने के इच्छुक हैं, वह स्कूल में आवेदन कर सकते हैं।

# डीएवी स्कूल में दो दिवसीय आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी


पूंडरी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित करती रिसॉर्स पर्सन पूजा शर्मा।

डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में सीबीएसई बोर्ड के निर्देशानुसार 2 दिवसीय आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर वर्कशॉप का आज समापन हो गया, जिसकी अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने की। इस अवसर पर रिसॉर्स पर्सन के रूप में पूजा शर्मा शामिल हुई। प्राचार्या, एसटीएनसी विकास जैन व स्टॉफ सदस्यों द्वारा रिसॉर्स पर्सन का स्वागत किया गया। वर्कशॉप में रिसॉर्स पर्सन पूजा शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा विषय के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इस नीति से स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक कई बड़े बदलाव किए गए हैं। जिससे छात्रों को अधिक व्यवहारिक लचीली और कौशल आधारित शिक्षा मिलेगी। इससे बच्चों को व्यवसायिक व कौशल विकास जैसे विषय पढने का अवसर मिलेगा। एनसीएफ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा से छात्र अपनी पसंद के अनुसार विषयों का चुनाव कर सकते हैं। यानी विज्ञान, कला, और वाणिज्य की पारंपरिक सीमाएं खत्म हो जाएंगी। इस नीति का फायदा यह होगा कि छात्रों को कंसेप्ट बेस्ड लर्निंग, जिससे रटने की बजाए अवधारणाओं को समझने पर जोर दिया जाएगा।

# समाज में नशा एक अभिशाप, सांझे प्रयासों से नशा मुक्ति संभव: एसपी

- बेलरखां मॉडल सांस्कृतिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बेलरखा में संध्या काल में नशा मुक्ति अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस प्रशासन, ग्रामीणों शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। एसपी राजेश कुमार ने कहा कि नशा एक अभिशाप है जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता हैए बल्कि पूरे समाज को कमजोर करता है। इससे बचने के लिए हमें एकजुट होकर प्रयास करना होगा।ष विद्यालय प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने छात्रों और अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए शिक्षा और संस्कार बेहद आवश्यक हैं। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया की ग्राम सरपंच पिरथी सिंह ने भी नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।


नरवाना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी राजेश कुमार।

# सुदेश सहरावत कब बुलबुल के जिला सचिव बनने पर किए सम्मानित

- जिले मे कब बुलबुल गतिविधियों को मिलेगा बढावा : डा. सुभाष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की गतिविधियों को ओर अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए जिला संगठन आयुक्त कब बुलबुल राजेश वशिष्ठ की अनुशंसा पर राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय शामलो कलां के प्राथमिक शिक्षक सुदेश सहरावत को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र व जिला संगठन आयुक्त कब बुलबुल राजेश वशिष्ठ ने नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र ने बताया कि जिला जींद ने कब बुलबुल गतिविधियों मे जिला संगठन आयुक्त कब बुलबुल राजेश वशिष्ठ के कुशल नेतृत्व में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। नेशनल गोल्डन एरो अवार्ड मे इस वर्ष भी पूरे राज्य मे प्रथम स्थान हासिल करके एक बार फिर से अपनी श्रेष्टता का प्रदर्शन किया है।


जींद। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र को स्कार्फ पहनाते जिला संगठन आयुक्त कब बुलबुल राजेश वशिष्ठ।

जिला जींद के लिए गर्व की बात है कि कक्षा पहली से पांचवी के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने का अवसर मिला। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को खेल-खेल मे शिक्षा देने के उद्देश्य से कब बुलबुल गतिविधियों का आयोजन करवाया जाता है। पिछले 17 वर्षों से जिला जींद के कब बुलबुल को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होना जिले के लिए सम्मान की बात है। सुदेश सहरावत ने जिला सचिव बनने पर जिला संगठन आयुक्त कब बुलबुल राजेश वशिष्ठ, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र का आभार जताते हुए कहा कि उनका प्रयास बेहतरी के लिए होगा।

# अहिल्याबाई का जीवन संघर्ष व समर्पण का प्रतीक

- सीआरएसयू में तील दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। कार्यक्रम के समापन पर मौजूद गणमान्य लोग व चित्रकार। फोटो : हरिभूमि


जींद। कार्यक्रम में बनाए गए चित्र को देखते हुए।

अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष पर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद व संस्कार भारती हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन सत्र में मुख्य वक्ता के तौर पर समाज सेवी घनश्याम दास और सुखेंद्र कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने की। कार्यशाला में सभी का स्वागत सोशल आउटरीच सेल के निदेशक और कार्यक्रम संयोजक डा. विजय कुमार ने किया और उन्होंने तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में हुए कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से वर्णन किया। कार्यशाला में मुख्यवक्ता के तौर पर पहुंचे समाज सेवी घनश्याम दास ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के ऐतिहासिक खंड में लोकमाता अहिल्याबाई का योगदान हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने अपने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना किया। उनके पति क्रुंवर मल्हारराव होलकर की मृत्यु के बाद भी उन्होंने धैर्य बनाए रखा और मल्हार राव के साम्राज्य को मजबूत किया। उनके शासन न्यायप्रिय और धर्मनिष्ठ था जिसके कारण उन्हें प्रजा का अपार प्रेम और समान मिला उन्होंने इंदौर नगर की स्थापना की। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने कई मंदिरों और धर्मस्थलों का पुनर्निर्माण और निर्माण करवाया। जिनमें काशी, उज्जैन और द्वारका के प्रमुख मंदिर शामिल हैं। उनका शासन बहुत ही कुशल और न्यायपूर्ण था। अहिल्याबाई का योगदान भारतीय इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने साहस और धैर्य, न्याय और सदाचार, शिक्षा और समाज सुधार कला और संस्कृति का संरक्षण देना है।

# करसोला में बिना दहेज हुई संज्जना व सोनिक की शादी

- दूल्हे ने शगुन की अंगूठी लेने से किया मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना क्षेत्र के गांव करसोला में दहेज प्रथा के विरोध में वर पक्ष के लोगों ने प्रेरणा देने का काम किया है। करसोला गांव में एक लड़की की शादी थी। जब करसोला गांव में बारात पहुंची तो लड़की के पिता ने लड़के को शगुन की अंगूठी पहनानी चाही तो दूल्हे ने मना कर दिया और केवल एक रुपया शगुन के रूप में लिया। मोहनगढ़ छापड़ा गांव निवासी दूल्हे सोनिक की शादी करसोला की संज्जना के साथ हुई। संजन्ना के पिता एक किसान हैं। जब दूल्हे ने दहेज लेने से मना कर दिया तो सभी लोग आश्चर्य में पड़ गए। दूल्हे के पिता खटकड़ खाप के उप प्रधान सत्यवान खटकड़ उर्फ लीला ने कहा कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नही हैं आदि काल से ही लड़की को घर की लक्ष्मी माना जाता है। सोनिक ने एमबीए और संज्जना ने बीएड की पढ़ाई की है। उनके घर पर भी गाय के घी और दुध से मिठाई बनाए गई थी। इसके अलावा ऑगेनिक गन्ने के रस को महमानों के आगे परोसा गया था। हम किसी के लिए अच्छा करेंगे तो अच्छा मिलेगा।


जुलाना। करसोला गांव में बिना दहेज के शादी करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## नगर पालिका ने नागक्षेत्र म्मंदिर में खोला आरआरआर सेंटर, खुशी


कार्यक्रम में मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

**सफीदों।** स्वच्छ भारत मिशल के तहत नगर पालिका सफीदों द्वारा नागक्षेत्र मंदिर प्रांगण में आरआरआर सेंटर का उद्घाटन हुआ। सेंटर का उद्घाटन स्वच्छ भारत मिशन अर्बन जींद के इंचार्ज संजीव चहल व सफाई निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने किया। अपने संबोधन में संजीव चहल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निकाय में आरआरआर सेंटर खोले जाते है, जिसका मुख्य उद्देश्य ठोस कचरे की मात्रा को काम करना है। इस सेंटर में नगरवासी पुराने कपड़े, किताबें, प्लास्टिक का सामान, खिलौने, चश्में, इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट आदि जो उपयोग में नहीं है उसको जमा करवा सकते है ताकि उसका ठीक ढंग से निपटारा किया जा सके। संजीव चहल ने कहा कि बहुत से समर्थ लोग जिन कपड़ों, जूतों व अन्य सामान को बाहर फेंक देते है या उपयोग में नहीं लाते, समाज का गरीब तबका उन कपड़ों व जूतों व अन्य पुराने सामान का दोबारा उपयोग कर सकता है। सफाई निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने सफाई कर्मचारिओं से आह्वान किया कि केंद्र की इस स्कीम को जन-जन तक पहुंचाया होगा।

# पूंडरी अनाज मंडी में 10 वर्षों बाद जेपी सर्वसम्मति से चुने गए प्रधान

- पहले बनते आए थे दो से चार प्रधान, दोनों मंडियों में सर्वसम्मति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

अनाज मंडी पूंडरी में 10 वर्षों के बाद दोनों मंडियों के प्रधान के लिए एक नाम पर बनी सहमति। आढ़तियों ने सर्वसम्मति से पूर्व प्रधान रहे जेपी जुड़ उर्फ जयप्रकाश मूंदड़ी को दोनों मंडियों का प्रधान नियुक्त किया है। आढ़तियों का कई दिन से एक प्रधान चुनने का प्रयास चल रहा था। मंडी में कई बार पूर्व प्रधानों व गणमान्य लोगों की कई दौर की वार्ता हो चुकी थी। प्रधान का चयन करने के लिए किसान भवन में आढ़ती धनपत सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। 12 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व अनाज मंडी प्रधान सतीश हजवाना, मनोज जांबा, ध्यान सिंह मुंदड़ी, सेवा सिंह खारा, षिराज डीग, रामकुमार धौंस को चुना गया।


पूंडरी। अनाज मंडी में सर्वसम्मति से प्रधान चुने गए जेपी जूड़ का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए आढ़ती। फोटो : हरिभूमि

### आढ़तियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता

नवनियुक्त प्रधान जेपी जुड़ उर्फ जयप्रकाश मूंदड़ी ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य आढ़तियों की समस्याओं का निवारण करवाना है। आढ़तियों के हितों की लड़ाई लड़ने के लिए उन्हें किसी भी स्तर पर भी क्यों न जाना पड़े वे तैयार है। आढ़तियों को सबसे अधिक समस्या गेंहूँ के सीजन में आती है, लेकिन इस बार अधिकारियों व सरकार के नुमाइंदों से मिलकर सभी अड़चनों व समस्याओं का समाधान कराया जायेगा, चाहे इसके लिए मुख्यमंत्री से भी क्यों न मिलना पड़े।

# सख्ती: डीजे लगी जुगाड़ गाड़ी इंपाउड 33 हजार का चालान भी किया गया

- आगे भी जारी रहेगा अभियान, इस प्रकार के वाहनों पर रखी जा रही नजर : एसपी कैथल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

वाहनों पर डीजे लगी जुगाड़ गाड़ी घूमने वालों के खिलाफ एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार कैथल पुलिस द्वारा विशेष मुहिम चलाई जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला कैथल थाना ट्रैफिक पुलिस एसएचओ एसआई राजकुमार की टीम द्वारा करनाल रोड़ कैथल से डीजे लगी जुगाड़ गाड़ी को काबु किया गया। पुलिस टीम द्वारा चालक से पूछताछ दौरान चालक इस वाहन के कोई दस्तावेज पुलिस को नहीं दिखा सका। पुलिस ने 33 हजार रुपए का चालान करते हुए वाहन को इंपाउंड कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि वाहनों को किसी भी तरह से मॉडिफाई करवाना यातायात नियमों के खिलाफ है। वाहन मॉडिफाई करवाकर वाहन के सुरक्षा मानकों से छेड़छाड़ करने से सड़क हादसे हो सकते है। कैथल पुलिस आगे भी ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी तथा नियमानुसार कार्रवाई दौरान उनके चालान किए जाएगें। एसपी राजेश कालिया ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें और उनकी अनदेखी ना करें। पुलिस का उद्देश्य चालान काटने का नही है बल्कि सडको पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करके आमजन की जिंदगी बचाना है।


कैथल। जुगाड़ डीजे वाहन का चालान करती पुलिस।

## विश्व कविता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# पीएम स्कूल: विद्यार्थियों ने सीखे कविता लेखन के गुर

- यंग एडिटर क्लब ने विद्यार्थियों को सीखाई कविता लिखने की कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

विश्व कविता दिवस के उपलक्ष्य में आज गांव कमालपुर में स्थित पीएम श्री राजकीय विद्यालय में कविता लेखन कार्यशाला का आयोजन किया गया । यंग एडिटर क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को कविता लेखन की तकनीकों के बारे में बताया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष महेंद्र शर्मा एवं प्रिंसिपल सुनील जिंदल ने ज्योति प्रज्वलित कर किया।

प्राचार्य सुनील जिंदल ने उपस्थित युवा साहित्यकारों को संबोधित करते हुए कहा कि साहित्य समाज को निर्माण की तरफ ले कर जाता है । अगर मनुष्य साहित्य और कला से दूर हो जाएगा तो इसके परिणाम बहुत विध्वंसकारी होंगे। एडिटर क्लब के मेंटर सरबजीत सिंह ने कहा कि कहानी और कविता लेखन के लिए विद्यार्थियों के मन में नए विचार आना जरूरी है। इन्हीं विचारों को लयबद्ध शब्दों में पिरोना ही कविता है। उन्होंने कहा कि कविता ह्दय के भावों को जागृत करती है और पाठकों से संवाद करती है। कार्यशाला के दूसरे सत्र में हिंदी प्रवक्ता रामरतन कौशिक और कैलाश संधू ने कहा कि मानव के गुणों में गुणवत्ता का निर्वहन करने के लिए साहित्य से जुड़ाव आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा अच्छा साहित्य पढ़ने और लिखने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान दो ग्रुप बनाकर विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों को एक-एक पंक्ति दी गई जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कल्पना से पंक्तियां जोड़ कविताएं लिखी। इन कविताओं का प्रकाशन भविष्य में प्रकाशित होने वाली विद्यालय की पत्रिका में किया जाएगा।


कलायत। कविता लेखन में अव्वल रहे विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर दिव्या, कौशल्या, पूजा, अनु ,पूजा आदि युवा कवित्रियों ने संभवतः अपने जीवन की पहली कविता की रचना की और उसे प्रस्तुत किया।